हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 29 दिसंबर 2025

06 नोटिस से डरें नहीं, 13 प्रपत्रों में से किसी एक पर...



07 मन की निर्मलता और पवित्रता के बिना परमात्मा से...





## खबर संक्षेप

### एसआईआर प्रक्रिया के तहत दावे-आपत्तियों की सुनवाई जारी

**सागर।** संभागायुक्त अनिल सुचारी आज शाम तहसील कार्यालय दमोह पहुंचे, उन्होंने यहां पर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत की जानी वाली कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली, यहां पर मौजूद एसडीएम आर.एल बागरी और तहसीलदार रोबिन जैन ने पूरी जानकारी दी। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया एसआईआर के अंतर्गत संबंधित मामलों में नोटिस जारी किए गए हैं तथा दावे एवं आपत्तियों की सुनवाई की कार्यवाही जारी है। इस संपूर्ण प्रक्रिया का संभागायुक्त अनिल सुचारी ने रोल ऑब्जर्वर के रूप में अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दावे-आपत्तियों के निराकरण की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं नियमानुसार संपादित करने के निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### अस्पताल से मां को छुट्टी देने से पहले मिलेगा शिशु का जन्म प्रमाण पत्र

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त स्वास्थ्य इकाईयों में होने वाले जन्म का पंजीयन संस्था से प्रसूता के डिस्चार्ज के पूर्व अनिवार्यतः करते हुए जन्म प्रमाणपत्र की प्रति डिस्चार्ज स्लिप के साथ अथवा उनके रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर वाट्सएप एव अन्य माध्यम से प्रदाय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए, यह प्रमाण पत्र नव-जात शिशु की मां को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही दे दिया जाये, खासकर सरकारी अस्पतालों द्वारा जहां कुल संस्थागत जन्मों में से 50 प्रतिशत से अधिक जन्म होते है। साथ ही रजिस्ट्रार को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि वे अस्पताल में जन्म होते ही उसका पंजीकरण करें और जन्म प्रमाण पत्र तुरंत जारी करें। जिससे जनसाधारण को सुविधा होगी।

### शासकीय अस्पतालों में टीबी रोग का उपचार निःशुल्क

**सागर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोर ने बताया कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी, बुखार आना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते है। टीबी कोई भयानक बीमारी नहीं है, टीबी का ईलाज संभव है। व्यक्ति को 6 माह डॉट पद्धति का ईलाज लेना अनिवार्य है। प्रत्येक क्षय रोगी को ईलाज लेने पर 500 रूपये पोषण के लिये प्रदान किये जाते है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी से बचने के लिये सभी स्वास्थ्य सेवायें जिला अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र संस्थाओं पर संपर्क कर टीबी की जांच व उपचार से बीमारी पर रोक लगाई जा सकती है।

### ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की ऑनलाइन प्रक्रिया

**सागर।** आम नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएँ प्रदान करने की दृष्टि से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को और अधिक सरल किया गया है। अब कोई भी आवेदक लर्निंग लाइसेंस, नवीन ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन, नवीनीकरण अथवा ड्राइविंग लाइसेंस में अन्य श्रेणी के आवेदन के साथ रजिस्टर्ड चिकित्सक द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म 1ए में मेडिकल सर्टिफिकेट जारी कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल 2021 के पूर्व उक्त मेडिकल सर्टिफिकेट मैनुअल तरीके से जारी किए जाने का प्रावधान था। मेडिकल काउंसिल में रजिस्टर्ड चिकित्सक पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म 1ए में मेडिकल सर्टिफिकेट जारी कर सकते हैं। ज्यादा सुविधाएँ प्रदान करने की दृष्टि से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को और अधिक सरल किया गया है।

---

**आज से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण के लिए तैयारियां जोरों से जारी**

## बकरी पालन के कार्य को वैज्ञानिक रूप देने के लिए जिले में तैयार हो रही बकरी पालन प्रोत्साहन सखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन में जिले में बकरी पालन कार्य से जुड़े परिवारों को आर्थिक समृद्धि दे दिए जाने की दिशा में मनरेगा के अंतर्गत बकरी शेड निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसी के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने बकरी क्लस्टर में बकरी पालन करने वाले परिवारों को ग्राम स्तरीय प्रशिक्षकों का आयोजन कर उन्हें तकनीकी रूप से मजबूत बनाने का कार्य किया है। अब जिले में एक अभिनव पहल की जा रही है जिसके अंतर्गत जिला कलेक्टर संदीप जी आर की मंशा के अनुरूप बकरी पालक परिवारों को सतत रूप से वैज्ञानिक सलाह और इस कार्य को तकनीकी रूप से किए जाने के लिए मार्गदर्शन मिल सके इसके अंतर्गत इस संकुल में बकरी पालन सखी का निर्माण किया जा रहा है जो सतत रूप से इन परिवारों के संपर्क में रहकर उन्हें बकरी पालन से संबंधित आहार टीकाकरण, रोग, बीमारियों की पहचान, उनका उपचार, उत्तम नस्ल प्राप्त करना, नस्ल सुधार आदि विषयों पर सतत मार्गदर्शन देगी। वे उनके घर-घर जाकर सलाह देने का कार्य करेगी और बकरी पालन पाठशालाओं का आयोजन कर उन्हें सामूहिक रूप से प्रेरित और प्रशिक्षित करने का कार्य करेगी। पशुपालन विभाग के साथ संपर्क स्थापित कर उनके पशुओं का निर्धारित समय पर टीकाकरण करने का भी कार्य करेंगी। 29 दिसंबर से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण में आजीविका भवन खुरई में इन सखियों का प्रशिक्षण और प्रावधान किया जावेगा प्रशिक्षण स्थानीय पशु चिकित्सक के अलावा मिशन के पशु चिकित्सक डॉक्टर रुद्रप्रयाग चंदेल, सहायक मोहम्मद रिजवान के द्वारा संपादित होगा प्रशिक्षण समन्वय का कार्य श्री रोहित मोदी द्वारा किया जाएगा।

## एनसीसी कैडेट सविता का दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



बी.टी. इन्स्टीट्यूट ऑफ एक्सीलैंस, महाविद्यालय मकरोनिया सागर की बी.ए.बी.एड. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सविता का चयन (आरडीसी-2026) रिपब्लिक डे के लिए हुआ है। उनका यह चयन आर.डी.सी-2026, नई दिल्ली के लिए एडीशनल डायरेक्टर जनरल स्तर पर हुआ। यह चयन एनसीसी में सर्वोच्च और अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक उपलब्धि है। कैडेट सविता 26 जनवरी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेंगी और अपने कॉलेज, सागर शहर एवं 7 एम.पी. गर्ल्स एनसीसी बटालियन, सागर का प्रतिनिधित्व करेंगी।

सविता की इस उपलब्धी पर बी.टी. इन्स्टीट्यूट ऑफ एक्सीलैंस महाविद्यालय के चेयरमेन संतोष जैन, बी.टी. ग्रुप के मार्गदर्शक प्रो. सुबोध जैन, डायरेक्टर संदीप जैन प्राचार्य डॉ. राजू टंडन, ए.एन.ओ. डॉ. वंदना तिवारी महाविद्यालय के समस्त स्टाफ, विद्यार्थी एवं 7 एम.पी. गर्ल्स एनसीसी बटालियन के अधिकारियों एवं स्टाफ के द्वारा सविता को बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की और कहा कि यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम अनुशासन और समर्पित भाव का प्रतीक है। कैडेट सविता का यह चयन बी.टी.आई.ई. महाविद्यालय सागर की शैक्षणिक एवं सहपाठ्य गतिविधियों में उत्कृष्टता तथा एनसीसी प्रशिक्षण प्रणाली की सशक्तता को दर्शाता है। उनकी इस उपलब्धी पर पूरे महाविद्यालय एवं 7 एम.पी. गर्ल्स एनसीसी बटालियन में हर्ष का वातावरण व्याप्त है।

### पंचायत उप निर्वाचन 2025 कार्यक्रम हुआ

**सागर।** सागर जिला अंतर्गत 02 जनपद सदस्य, 03 सरपंच पद एवं 14 पंच पद के रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन–2025 का कार्यक्रम 5 दिसंबर 2025 को जारी किया गया था। जिले में रिक्त पदों में से जनपद पंचायत बंडा अंतर्गत 01 जनपद पंचायत सदस्य का पद, जनपद पंचायत देवरी अंतर्गत 01 सरपंच का पद तथा 14 पंचों के पद निर्विरोध रूप से भरे जा चुके हैं। शेष रहे 01 जनपद पंचायत सदस्य पद के लिए जनपद पंचायत राहतगढ़ में 10 मतदान केंद्रों पर 29 दिसंबर को मतदान होगा, जिसमें 04 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत बीना की ग्राम पंचायत देवल में सरपंच पद हेतु 03 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं, जिसके लिए 03 मतदान केंद्रों पर मतदान कराया जाएगा। वहीं जनपद पंचायत खुरई की ग्राम पंचायत प्यासी में सरपंच पद के लिए 02 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं, जहां 02 मतदान केंद्रों पर मतदान संपन्न होगा। उपरोक्तानुसार तीनों पदों के लिए मतगणना 2 जनवरी को प्रातः 8 बजे से संबंधित जनपद पंचायत मुख्यालयों पर की जाएगी।





## शहर कांग्रेस सेवादल परिवार का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम राजीव गांधी भवन पर हुआ संपन्न

**सागर।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के 102 वें स्थापना दिवस पर और साल के अंतिम रविवार पर शहर कांग्रेस सेवादल परिवार का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम राजीव गांधी भवन, जिला शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर पूर्व पार्षद राकेश राय के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राकेश राय ने सेवादल के अनुशासन, त्याग और सेवा पर प्रकाश डालते हुये कहा कि सेवादल कांग्रेस पार्टी का एक अटल स्तंभ रहा है। जमीनी स्तर का अग्रणी संगठन, जिसने कभी अंग्रेजों के बीच खौफ पैदा किया था, आज भी उसी समर्पण के साथ हमारे राष्ट्र के मूल्यों के लिए लड़ रहा है। आज हम कांग्रेस के सच्चे सिपाहियों को सलाम करते हैं। कार्यक्रम का आयोजन शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और संचालन द्वारका चौधरी ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव और सेवादल प्रदेश महासचिव विजय साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेंद्र चौधरी, आनंद अहिरवार, पुरूषोत्तम मुन्ना चौबे, अमित रामजी दुबे, प्रदीप गुप्ता, राहुल चौबे, रमाकांत यादव, आशीष ज्योतिषी, सागर साहू, शैलेन्द्र तोमर, आनंद तोमर, ताहिर खान, जितेन्द्र रोहण, रामकुमार पचौरी, लीलाधर सूर्यवंशी, हरिश्चंद्र सोनवार, हीरालाल चौधरी, पार्षद, ताहिर खान, गुड्डू यादव, सुलेखा राय, शशि जाटव, डॉ किरण लता सोनी, चमन अंसारी, वीरेंद्र राजे, नरेन्द्र मिश्रा, वसीम खान, नारायण विश्वकर्मा, शरद पुरोहित, भैयन पटेल, राजा सेन, पंकज सिंघई, दीनदयाल तिवारी, मुकेश खटीक, श्रीदास रैकवार, पप्पू गोस्वामी, छोटू महावत, तज्जू खान, वसीम खान, अरविंद ठाकुर, नितिन पचौरी, कल्लू पटेल, आनंद हेला, प्रवीण यादव, अंकुर यादव, परख शुक्ला, उपस्थित रहे।

## मेला प्रांगण में कसक ग्रुप द्वारा कवि सम्मेलन की प्रस्तुति, एकल गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति

### स्वदेशी मेला बना देशभर के कलाकारों का साझा मंच, कला और व्यापार का अनोखा संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



पीटीसी मैदान में 13 दिवसीय स्वदेशी मेला के छठवें दिन रविवार को लोगों की भीड़ उमड़ी। स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के माध्यम से यह मेला आयोजित किया जा रहा है। मेला प्रांगण में कसक ग्रुप द्वारा कवि सम्मेलन की प्रस्तुति, बांसुरी वादक जयकिशन बैन की प्रस्तुति, एकल गायन, नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

स्वदेशी जागरण मंच के महाकौशल प्रांत संयोजक कपिल मलैया ने बताया कि मेला में विभिन्न राज्यों के कलाकारों को एक ही मंच पर अपनी कला को निखारने और प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है। यह मेला न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन दे रहा है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त भी बना रहा है। स्वदेशी मेला समाज और संस्कृति को एक नई दिशा देने का प्रयास है, जो कला, संस्कृति और व्यापार का अनोखा संगम प्रस्तुत करता है।

मेला संयोजिका दीप्ति चंदेरिया ने कहा स्वदेशी वस्तु की ठान लें तो विदेशी कंपनियां बाजार में स्थापित नहीं हो पाएंगी। स्वदेशी जागरण मंच के महाकौशल प्रांत विभाग संपर्क प्रमुख राजकुमार नामदेव ने बताया कि यह मेला सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है बल्कि यह स्वदेशी और देश प्रेम की भावना को जागृत करने का प्रयास है।

जिला संयोजक सौरभ रांधेलिया ने बताया कि प्रतिदिन शहर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियों को देखकर शहरवासी मंत्र मुग्ध हैं। मीडिया प्रभारी अखिलेश समैया ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को लेकर शहरवासियों में काफी उत्सुकता देखी जा रही है।

### आज के आयोजन

मेला प्रांत संयोजक नितिन पटैरिया ने बताया कि सोमवार को विभोर बैंड की प्रस्तुति दिल्ली के कलाकारों द्वारा दी जाएगी। इस कार्यक्रम के आयोजक सिद्धार्थ शुक्ला हैं एवं कसक ग्रुप के कार्यक्रमों का समापन होगा।

## गढ़ाकोटा का मामला: ड्रग इंस्पेक्टर के पहुंचते ही मेडिकल स्टोरों पर लग जाता है ताला

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में ड्रग इंस्पेक्टर के पहुंचते ही मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच जाता है। देखते ही देखते कई मेडिकल स्टोर शटर गिराकर नदारत ही जाते हैं। सवाल यह नहीं कि दुकानें क्यों बंद होती हैं, सवाल यह है कि ड्रग इंस्पेक्टर के आने की जानकारी आखिर पहले किसे और कैसे मिल जाती है। यदि निरीक्षण वास्तव में ईमानदार और निष्पक्ष है,तो फिर मेडिकल दुकानों को पहले से सतर्क होने की जरूरत क्यों पड़ती है? क्या यह निरीक्षण नहीं, बल्कि एक पूर्व नियोजित दिखावा बन चुका है? ड्रग इंस्पेक्टर सागर कुछ दिनों में आते हैं, दो-चार दुकानों पर औपचारिकता निभाते हैं और वहीं से चले जाते हैं। वहीं दूसरी ओर आम मरीज,बुजुर्ग और महिलाएं दवाइयों के लिए दर-दर भटकते नजर आते हैं। गौरतलब है कि बीते दिन सागर जिले के ड्रग इंस्पेक्टर मनीष सुमन गढ़ाकोटा के इंस्पेक्शन के लिए आए थे औपचारिकता की ओर चले गए थे। जिससे नगर में संचालित मेडिकल स्टोरों की सही तरीके से जांच नहीं हो पा रही है।

## कटरा स्थित रामपुरा वार्ड के साबुलाल मार्केट का निरीक्षण अतिक्रमण हटाने और एप्रोच रोड सुधार के लिए निर्देश

**सागर।** विधायक शैलेंद्र जैन ने साबुलाल मार्केट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री भी उनके साथ मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि विगत दिवस स्थानीय निवासियों एवं दुकानदारों ने विधायक जैन के निवास पर पहुंचकर साबुलाल मार्केट का कार्य लंबे समय से अधूरा होने एवं अव्यवस्थाओं को लेकर अपनी समस्याएं रखी थीं, साथ ही शीघ्र कार्य पूर्ण कराने का आग्रह किया था। निरीक्षण के दौरान विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि मार्केट को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सबसे पहले अस्थाई अतिक्रमण हटाना आवश्यक है। उन्होंने दुकानदारों एवं स्थानीय नागरिकों से भी सहयोग की अपील की। साथ ही ठेकेदार को सख्त हिदायत देते हुए निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में मार्च माह के अंत तक मार्केट का समस्त कार्य पूर्ण किया जाए।विधायक जैन ने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि साबुलाल मार्केट को सफल और उपयोगी बनाना है, तो इसके चारों ओर समुचित एप्रोच रोड और आवागमन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी, जिससे नागरिकों एवं ग्राहकों को मार्केट तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।





## युवा कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

**सागर।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के सह प्रभारी रुपेश सिंह भदोरिया एवं मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव एवं सागर जिला युवा कांग्रेस के प्रभारी अपूर्व जैन एवं सह प्रभारी गौरव दीक्षित शनिवार को सागर जिलें के संगठनात्मक दौरे पर आये। जहां प्रभारी गणों के सागर ज़िले की सीमा में प्रवेश करतें ही युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी ने युवाओं के हुजुम के साथ उनकी भव्य अगवानी कर स्वागत किया साथ ही रहली, नरयावली, बण्डा, देवरी,खुरई, सुरखी, सागर, बीना विधान सभा के अध्यक्ष व पदादिकरियों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। वहीं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के सह प्रभारी रुपेश सिंह भदोरिया एवं सागर जिला युवा कांग्रेस के प्रभारी अपूर्व जैन एवं सह प्रभारी गौरव दीक्षित ने तीन बत्ती स्थित शिक्षाविद् डॉ सर हरि सिंह गौर की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर जिला शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी की अध्यक्षता तथा जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव,जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह मोहासा,मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी आदि की मुख्य उपस्थिति में आयोजित युवा कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक में शामिल हुए। बैठक की शुरुआत में युवा कांग्रेस के नव निर्वाचित प्रदेश, जिला, विधानसभा, ब्लाक युवा कांग्रेस के पदाधिकारीयों के वन टू वन परिचय के साथ हुई साथ ही स्वागत भाषण युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी ने दिया।बैठक को भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव रुपेश सिंह भदोरिया, सागर जिला युवा कांग्रेस के प्रभारी अपूर्व जैन, सह प्रभारी गौरव दीक्षित ने संवोधित कर युवा कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहें चलों पंचायत,ग्राम चौपाल कार्यकम तथा भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा जारी 100 दिवसीय कार्य योजना का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन को लेकर दिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये।जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव, जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह मोहासा,मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने बैठक को संबोधित कर भाजपा सरकार की युवा,नोजवान व जन विरोधी नीतियों का डटकर मुकाबला करनें की बात कही।बैठक में युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल चौबे,युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अक्षय दुबे,जैद खान,युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष आदित्य चौधरी,चक्रेश रोहित,युवा कांग्रेस सागर विधान सभा अध्यक्ष सागर साहू, उपाध्यक्ष नुरुल हुसैन राजा,नरयावली अध्यक्ष रोहित वर्मा,देवरी के अध्यक्ष शुभम शर्मा,बीना के अध्यक्ष महेश व्यास,खुरई के अध्यक्ष अमन लोधी,बण्डा के अध्यक्ष नितिन वाजपेई,रहली के अध्यक्ष रोहित कुर्मी आदि ने विचार व्यक्त किए।

**अभी तक लगभग दो लाख रुपए मूल्य की स्वागत सामग्री बांटी गई**

## पूर्व गृहमंत्री भूपेंद्र सिंह के संकल्प ने असर दिखाया फूल-मालाएं छोड़कर स्टेशनरी और स्वेटर कंबलों से स्वागत कर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के फूल मालाओं के स्थान पर स्कूली स्टेशनरी व गरीबों के उपयोग की वस्तुओं से स्वागत करने का सिलसिला लगातार जारी है। अभी तक स्वागत में मिली लगभग दो लाख रुपए मूल्य की उपयोगी सामग्री का वितरण स्कूली बच्चों व जरूरतमंदों को किया जा चुका है। उन्होंने सेवन ग्राम में हुए ऐसे ही स्वागत की सामग्री यहां की हायर सेकंडरी स्कूल में वितरित की जिसे प्राप्त कर छात्र छात्राओं का उत्साह देखने योग्य रहा। समरसता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवन ग्राम पहुंचे पूर्व गृहमंत्री सिंह का आसपास के ग्रामवासियों और बांदरी नगर परिषद क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने क्रिकेट किट, कापी पेन, रजिस्टर, कंपास बाक्स, पानी बाटल, बैग, स्वेटरों, फलों और टाफियों से भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में फूल मालाओं, गुलदस्तों का कोई स्थान नहीं था। स्वागत कर्ताओं ने चंदन हल्दी का तिलक लगाया गया और अपनी अपनी स्वागत सामग्री मुख्य अतिथि को प्रदान की जिससे मंच पूरा भर गया।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने सामग्री वितरित कराने से पूर्व छात्र छात्राओं से सीधा संवाद किया जिससे स्कूल में शिक्षा के स्तर, कार्यप्रणाली और आवश्यकताओं का पता लगा। उन्होंने अचानक विद्यार्थियों से पूछा कि राष्ट्रगान वंदे मातरम किस-किस को आता है। तीन छात्राओं को माइक लेकर उनसे वंदे मातरम का सम्मान गायन हुआ। तत्पश्चात छात्राओं विषयवार शिक्षकों की जानकारी ली जिससे पता चला कि भूगोल की शिक्षिका नहीं आ रहीं। खेल मैदान की आवश्यकता बताई गई। दोनों कमियों को पूरा करने के निर्देश उन्होंने दिए।

अपने संक्षिप्त संबोधन में पूर्व गृहमंत्री सिंह ने बच्चों को स्वागत की नई परंपरा की जानकारी देते हुए कहा कि देखो इस सबमें मैं निमित्त मात्र हूं, यह सारी सामग्री क्षेत्र के ही लोगों ने दी है जो आप सबके काम आएगी। मैं इन सभी स्वागत कर्ताओं का हृदय से आभारी हूं। बच्चों को पढ़ने लिखने का सामान मिल जाए, गरीबों को ठंड बचाने स्वेटर कंबल मिल जाएं इससे अच्छा स्वागत कोई और हो सकता है क्या? फूल मालाएं तो भगवान या फिर साधु संतों को चढ़ाने पर ही अच्छी लगती हैं। हमारी संस्कृति में तो स्वागत सिर्फ हल्दी, रोरी, चंदन के तिलक से होता आया है। विशेष अवसरों पर तिलक आरती दही शक्कर के साथ स्वागत और विदाई समारोह होते हैं। तो हमें हजारों वर्षों से चली आ रही अपनी संस्कृति के अनुरूप प्रत्येक काम करना काम चाहिए।

उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा शिक्षा, ज्ञान, कलां, हुनर ये अनमोल हैं जिसे परिश्रम और लगन से ही हासिल करना पड़ता है। शिक्षा वह स्थायी संपदा है जिसे कोई चुरा भी नहीं सकता। धंधा व्यापार चौपट हो सकता है व शिक्षा और हुनर समाप्त नहीं होते। उन्होंने कहा कि जो भी छात्र शिक्षा और हुनर में आगे निकल जाता है उसकी पीढ़ियों का भविष्य बन जाता है। इसलिए पढ़ो और स्किल्ड बनो। अपना लक्ष्य सेट करो, मोबाइल का उपयोग मनोरंजन के बजाए शिक्षा तक सीमित कर दो तो जो सोचा है वह बन जाओगे।

खबर संक्षेप



## चौबे की शिवसेना शिंदे गुट की प्रदेश कार्यकारिणी में नियुक्ति

**ललितपुर**। जिले में शिवसेना (शिंदे गुट) के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। उत्तर प्रदेश शिवसेना शिंदे गुट की प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में डा.अखिलेश कुमार चौबे की नियुक्ति हुई है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर जिले के विभिन्न स्थानों पर बधाई और सम्मान समारोह आयोजित किए गए। ललितपुर शहर में शिवसेना के जिलाध्यक्ष राकेश नामदेव ने अपने साथियों के साथ डा.अखिलेश कुमार चौबे को बधाई दी। उन्होंने फूल-माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं व्यक्त कीं। वहीं, बानपुर में भी डा.अखिलेश कुमार चौबे की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्ति पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संपूर्ण आयोजन मनीष चौरसिया ने किया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि डा.अखिलेश कुमार चौबे की इस नियुक्ति से ललितपुर जिले में शिवसेना (शिंदे गुट) का संगठन और मजबूत होगा। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से सर्वेश कुमार चौबे, सुनील चौरसिया, मनीष चौरसिया, अखिलेश पांडेय, अभिषेक बाजपेई, मोहित पांडे, गौरव पुरोहित, जितेंद्र सेन, दीपक विश्वकर्मा, धर्मेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 150 लीटर अवैध कच्ची शराब की बरामद

**ललितपुर** । जनपद की आबकारी विभाग एवं पुलिस की टीम द्वारा ग्राम- चीराहार में ड्रोन कैमरे की सहायता से अवैध मद्य निष्कर्षण के अड्डों को चिह्नित करते हुए छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मौके से 150 लीटर अवैध कच्ची शराब की बरामद करते हुए टीम द्वारा मौके पर जेसीबी की मदद से जमीन में गढ़े हुए ड्रमों को निकालते हुए लगभग 8000 लहन नष्ट किया गया। टीम द्वारा 03 महिला अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में थाना- कोतवाली, जनपद ललितपुर में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

## चारा काटते समय महिला से छेड़छाड़

**ललितपुर**। मड़ावरा थानान्तर्गत एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 25 दिसम्बर को शाम करीब 4 बजे वह अपने खेत पर चारा काटने को गयी थी, तभी चारा काटने के समय गांव में रहने वाला चन्द्रपाल पुत्र राजाराम यादव आया और बदत्तमीजी व छेडख़ानी करने लगा, जब उसने मना किया। वह चिल्लायी तो गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अधूरे नाले निर्माण से मोहल्ला वासी परेशान

**ललितपुर**। शहर के वार्ड नं. 6 में नाला निर्माण का कार्य पूर्ण कराये जाने को लेकर मोहल्लेवासियों ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। लोगों ने डीएम को बताया कि रामनगर के रूपा कालोनी के उत्तर-पश्चिम में नगर पालिका द्वारा नाले का निर्माण कराया जा रहा है, किन्तु अचानक नाले का निर्माण कार्य रोक दिये जाने के कारण नाले में जल भराव की भयावह स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इससे मोहल्लेवासियों के मकानों में पानी भरने से उनके गिरने का खतरा बढ गया है। मोहल्लेवासियों ने डीएम से उक्त कार्य को फिर से शुरू कराये जाने और नाले से जल निकासी कराये जाने की मांग उठायी गयी। ज्ञापन देते समय पत्रकार चरन सिंह, किशन, सुनील कुमार, वैभव, विजय, हरिश्चंद्र राय, ममता, आशीष, प्रेमवती, कमलेश राठौर, पूजा राठौर, सत्येन्द्र राठौर, जमनादेवी, महाराज सिंह, गोपालदास रजक, देशराज कुशवाहा, शान्त कुमार, धर्मेंद्र कुमार, भूपेन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार, रतनलाल राठौर, बृजेश कुमार के अलावा अनेक लोग मौजूद रहे।

### जेवीएन सुब्रमण्यम ने एसआईआर को लेकर कहा...

# नोटिस से डरें नहीं, 13 प्रपत्रों में से किसी एक पर दें सूचना, नहीं कटेगा नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

### नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के बूथों पर जाकर बीएलओ व सुपरवाइजरों से की एएसडी मतदाताओं की समीक्षा

जेवीएन सुब्रमण्यम, आईएएस, (संयुक्त सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय), विशेष रोल प्रेक्षक ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के साथ शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सम्बंध में समीक्षा बैठक की और जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से एसआईआर कार्य का फीडबैक लिया। इसके साथ ही उन्होंने नगरीय व ग्रामीण पोलिंग बूथों पर जाकर बीएलओ एवं सुपरवाईजरों से एएसडी मतदाताओं की मैपिंग की प्रगति का जायजा भी लिया। स्पेशल रोल ऑब्जर्वर ने जनपद में कराये जा रहे एसआईआर अभियान की सफलता देखकर जिलाधिकारी सहित उनकी पूरी प्रशासनिक टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिला प्रशासन और राजनैतिक दलों ने मिलकर बहुत अच्छा कार्य किया है, उनकी मेहनत धरातल पर भी दिख रही है। आगे भी इसी सामन्जस्य के साथ कार्य करें।

उन्होंने राजनैतिक दलों से अपील की कि वे जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी गई एएसडी सूची में मतदाताओं की मैपिंग में सहयोग करें। उन्होंने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी वैध मतदाता का नाम सूची से नहीं काटा जाएगा, एएसडी के जो भी मतदाता हैं, उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा, मतदाताओं को इस नोटिस से डरने की जरुरत नहीं है, आयोग द्वारा निर्धारित 13 दस्तावेजों में से एक पर सूचना उपलब्ध करायेंगे तो उनका नाम सूची में शामिल कर लिया जाएगा। ड्राफ्ट पब्लिकेशन के बाद भी यदि कोई मतदाता छूट जाता है तो उनका फार्म-6 भरवाकर सूची में शामिल कर लिया जाएगा।

### जिलाधिकारी और उनकी टीम की प्रशंसा की

बैठक में समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने रोल प्रेक्षक को अपना-अपना परिचरय दिया और एसआईआर के प्रति जिलाधिकारी और उनकी टीम की प्रशंसा करते हुए अपने-अपने सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा कड़ी मेहनत के साथ जिले में एसआईआर कराया जा रहा है, जिससे वे सभी संतुष्ट हैं। जिलाधिकारी ने स्पेशल रोल आब्जर्वर को अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनपरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सम्बंध में जनपद के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ 6 बार बैठक की जा चुकी है, साथ ही एएसडी मतदाताओं का डाटा पेनड्राइव में उपलब्ध कराया जा चुका है। प्रतिनिधियों के द्वारा जो भी सुझाव या आपत्तियां दर्ज करायी जा रही हैं, उनके अनुसार सुधार की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में कुल 1063 पोलिंग बूथ थे, जिसे सम्भाजन के प्रस्ताव के आधार पर और निर्वाचन आयोग के अनुमोदन के उपरान्त बढ़ाकर 1156 किया गया है, परन्तु पोलिंग सेन्टरों की संख्या पूर्व की भांति ही है। क्योंकि इनमें पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि किसी भी भ्रान्ति या सूचना के आदान प्रदान के लिए हमसे सम्पर्क करें।



### मतदाताओं की मैपिंग की अब तक की प्रगति का जायजा लिया

बैठक के उपरान्त रोल प्रेक्षक ने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर एएसडी मतदाताओं की मैपिंग कर रहे बीएलओ से वार्ता की। उन्होंने नगर के वर्णी कॉलेज व पीएन इण्टर कॉलेज में बीएलओ व सुपरवाईजरों से वार्ता कर उनका हौसला बढ़ाया और एएसडी मतदाताओं की मैपिंग की अब तक की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि ललितपुर में सभी कार्मिक अच्छी टीम भाव से काम कर रहे हैं, जो धरातल पर दिख भी रहा है। 9.58 लाख से अधिक मतदाताओं के सापेक्ष मात्र 42 हजार अनमेप्ड मतदाताओं का होना कोई बड़ी बात नहीं है, जल्द ही इन्हें भी खोज लिया जाएगा। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि ऐसे बूथ चिन्हित कर लें जिनमें एएसडी मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है और वहां पर विशेष अभियान चलाकर मैपिंग का कार्य करायें। इसी प्रकार उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के पीएम श्री सिविलियन विद्यालय जीरोन एवं बुन्देलखण्ड इण्टर कॉलेज जाखलौन पहुंचकर एएसडी मतदाताओं की समीक्षा की, मौके पर बीएलओ व कुछ ग्रामवासी उपस्थित मिले, उन्होंने ग्राम वासियों से एसआईआर फार्म के बारे में पूछा, जिस पर ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने फार्म भर दिया है और वे बीएलओ व बीएलए की भी सहायता कर रहे हैं। इस अवसर पर समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, जिला संयोजक एसआईआर हरिराम निरंजन, राजनैतिक दलों में आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी, बहुजन समाज पार्टी जिलाध्यक्ष अमन संतोष व भूपेन्द्र, भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत, इण्डियन नेशनल कांग्रेस जिलाध्यक्ष दयाराम श्रीवास, जसपाल सिंह, समाजवादी पार्टी से प्रमोद इमलिया, अरसद मंसूरी, अपना दल जिला महासचिव सोहन लाल निरंजन व विधानसभा अध्यक्ष पुरषोत्तक उपस्थित रहे।

### समुदाय के लोगों ने किया प्रदर्शन

## बीन बजाते पहुंचे सपेरे, जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग




**ललितपुर**। सपेरा समुदाय के लोगों ने बैंगा जाति का प्रमाण पत्र जारी करने की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में बीन बजाकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि दो गांवों में बैंगा जाति के प्रमाण पत्र नहीं बनाए जा रहे हैं। इस प्रदर्शन में 20 से अधिक महिलाएं और पुरुष शामिल थे। उन्होंने बताया कि बैंगा जाति के लोग उत्तर प्रदेश की सभी तहसीलों और ब्लॉकों के गांवों में निवास करते हैं। उनकी मुख्य मांगों में बैंगा समाज के किसी व्यक्ति के आकस्मिक निधन पर सरकार द्वारा आर्थिक सहायता, सरकारी योजनाओं का लाभ और सभी बैंगा समाज के लोगों को भूमि पट्टा आवंटन शामिल है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी बताया कि वन्यजीव अधिनियम के तहत सर्पों के राष्ट्रीयकरण से उनका पारंपरिक धंधा चौपट हो गया है। उन्होंने कहा कि गांवों और शहरों में सर्प पकडऩे का काम बैंगा सफेरा समाज के लोग ही करते हैं, इसलिए सरकार को उन्हें 'सर्पमित्र' का काम देना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि जिस प्रकार मछुआरा समाज, बंजारा समाज और शिल्पकार समाज को विशेष योजनाओं के तहत अलग-अलग लाभ दिए जाते हैं, उसी प्रकार बैंगा समाज को भी लाभ मिलना चाहिए। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक बैंगा परिवार को आवास और शौचालय उपलब्ध कराए जाने की मांग भी की गई। उन्होंने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में बैंगा समाज के जाति प्रमाण पत्र जारी हो चुके हैं, लेकिन महरौनी तहसील के कुछ गांवों में अभी भी ये प्रमाण पत्र नहीं बन पाए हैं।

### चीराकोडर गांव में बीते समय तेंदुआ प्राथमिक विद्यालय में घुसा था

## तेंदुए के विचरण से दहशत, विद्यालय में अध्यापक और किसान खेत पर रखवाली करने नहीं जा रहे





**ललितपुर**। चीराकोडर गांव में बीते समय एक तेंदुआ प्राथमिक विद्यालय में घुस गया। यह तेंदुआ 13 , 14 घंटे रात के अंधेरे में रहने के वाद जंगल की ओर भाग निकला। तेंदुए के भय से विद्यालय बंद रहा और ग्रामीण दहशत में रहे। किसान खेतों पर फसल की रखवाली के लिए नहीं गए। घटना , 25 दिसंबर की है, जब बिरधा विकास खंड की ग्राम पंचायत चीराकोडर के प्राथमिक विद्यालय में ग्रामीणों ने तेंदुए को देखा। तेंदुआ ग्रामीण कैलाश यादव पर हमला कर स्कूल की बाउंड्रीवॉल फांदकर पास के बांस के झुंड में गायब हो गया था। सूचना मिलने पर डीएफओ गौतम सिंह के नेतृत्व में 25 वन कर्मियों की टीम पिंजरे और जाल के साथ मौके पर पहुंची। बांस के घने झुंड में फंसे तेंदुए को पकडऩा मुश्किल हो गया। उसे भगाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार भी की गई, लेकिन वह नहीं भागा। ड्रोन कैमरे से भी उसकी निगरानी की गई, पर वह दिखाई नहीं दिया। गांव में दहशत का माहौल रहा, जिसके चलते प्राथमिक विद्यालय बंद कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि वे तेंदुए के डर से खेतों पर नहीं जा रहे हैं। ग्रामीणों की आशंका थी कि विद्यालय परिसर में झाडय़ांि होने के कारण तेंदुआ वापस आ सकता है, जिसके बाद ग्राम प्रधान ने झाडय़ांि को कटवा दिया। वन विभाग की टीम स्कूल और बांस के पेड़ों के पास लगातार गश्त कर रही हो है। ग्रामीण भी सुरक्षा के लिए झुंड में ही आवाजाही कर रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने भी तेंदुए के कारण स्कूल बंद होने की पुष्टि की। इस बीच, तेंदुए को पाली क्षेत्र में भी देखे जाने की खबर है, जिससे वहां भी वन विभाग की एक टीम जांच के लिए पहुंची है।

### खांदी में सहरिया बस्ती में मुख्यमंत्री आवास योजना का शुभारंभ

## ग्राम चौपाल पर सुनवाई कर जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया जाताः विधायक




**ललितपुर**। जनसंवाद के क्रम में प्रति शुक्रवार की भांति विधानसभा क्षेत्र 226 सदर ललितपुर के अंतर्गत विकास खण्ड तालबेहट की ग्राम पंचायत खांदी के मजरा करीला में ग्राम चौपाल गांव की समस्या, गांव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष तालबेहट नीरज पटेरिया, खंड विकास अधिकारी तालबेहट सौरभ बरनवाल, राजू चौबे, मनोज त्रिपाठी, ग्राम प्रधान सुमन कुशवाहा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। चौपाल के माध्यम से सडक़, पेयजल, विद्युत, आवास, पेंशन, राशन एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में ग्राम पंचायत खांदी के मजरा करीला स्थित सहरिया बस्ती में मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2025/26 के अंतर्गत नवीन स्वीकृत आवासों का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा गया कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं स्थायी आवास उपलब्ध कराना है। योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनमानस ने सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा विकास कार्यों को और गति देने की अपेक्षा जताई।

## वीर बाल दिवस के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित की गई

**ललितपुर**। भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व में आज वीर बाल दिवस के अवसर पर सिख समुदाय के साथ बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह को बलिदान पर याद करते हुए की संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन कार्यक्रम संयोजक डा दीपक चौबे ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सहाबजादो के स्वरूप रखें बालक करनदीप भैया, बहन हरचंद कौर ने वीर बालकों बाबा फतेहसिंह,बाबा जोरावर सिंह के वलिदान की मार्मिक कहानी सुनाई। उन्होंने माई तेरे पोतड़े शहीदी पा गए,नीहा बीच आखिरी फतेह बुला गये ,गाकर सबको गमगीन कर दिया। जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रख कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत करते हुए कहा कि वीर बाल दिवस छब्बीस और सत्ताईस जनवरी को सारे देश में मनाया जा रहा है।




हमारे प्रधानमंत्री ने 26 दिसम्बर 2022 से वीर बाल दिवस मनाना शुरू किया ताकि हमारी नई पीढ़ी महाराज गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादो के बलिदान के बारे में जानकारी मिल सके । उन सात और नौ साल के बच्चों ने अपना बलिदान दे दिया लेकिन धर्म नहीं छोड़ा। इसके ग्रंथी द्वय ज्ञानी दलजीत सिंह व ज्ञानी ईश्वर सिंह ने शबद कीर्तन में त्यागो मन के सकल काम,राम राम राम कहो राम और मार्मिक गीत वादा लमया दा रस्ता पहाड़ दी सुनाया जिसने लोगों को आंखों में आंसू ला दिये। गुरु सिंह सभा के बरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार हरविंदर सिंह सलूजा रिंकू ने बताया कि कैसे चमकौर की गढ़ी में विशाल मुगलों की विशाल सेना से, मात्र चालीस सिंहों के साथ लड़ते हुए गुरु गोबिंद सिंह के दो सहाबजादे बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह ने अपना बलिदान दिया। गुरु सिंह सभा के मंत्री सरदार मनजीत सिंह सलूजा ने बताया कि हमारे दशम गुरु गोबिंद सिंह की परम्परा में लम्बे बलिदान की जो परम्परा शहीदों की रही उसे पुरानी सरकारों ने इतिहास से ओझल रखा लेकिन हमारा समुदाय धन्यवाद देता है मां भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जिन्होंने इस इतिहास को मुख्य धारा पर लाने का कार्य किया । गुरु सिंह सभा के महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा ने कहा कि सरहिंद की दीवारों पर जब सहाबजादो को जिंदा जड़ कर शहीद कर दिया गया था त्याग बलिदान की नींव पर हमारा सत्य सनातन समाज खड़ा हैं।

## तेज रफ्तार ट्रक ने आगे जा रहे ट्रक को जोरदार टक्कर मारी, चालक के पिता की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे जा रहे ट्रक को पीछे से इतनी जोरदार टक्कर मारी। जिससे ट्रक पलट गया, और चालक के पिता की मौत हो गई और चालक घायल हो गया। घायल पुत्र ने आरोप लगाया । कि यदि एंबुलेंस समय पर पहुंच जाती तो उसके पिता की जान बच सकती थी। यह घटना हाईवे 44 पर तालबेहट के पास ग्राम बम्होरी सर के निकट हुई।

हैदराबाद से दिल्ली की ओर जा रहे ट्रक को पीछे से आ रहे एक अन्य तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक संजय (32) निवासी चार शहर का नाका, हजीरा, ग्वालियर, मध्य प्रदेश और उसके पिता सुरेंद्र शर्मा (58) घायल हो गए। उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट ले जाया गया। तालबेहट में हालत गंभीर होने पर दोनों को ललितपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। 108 एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लाए जाने पर चिकित्सकों ने सुरेंद्र शर्मा को मृत घोषित कर दिया।

घायल संजय शर्मा ने आरोप लगाया कि दुर्घटना के बाद उन्हें पहले पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां से ललितपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। हालांकि, एंबुलेंस काफी देरी से आई, जिसके कारण वे समय पर ललितपुर मेडिकल कॉलेज नहीं पहुंच पाए। संजय का कहना है कि यदि एंबुलेंस समय पर आती तो शायद उनके पिता की जान बच जाती। संजय ने बताया कि उनके पिता भी ट्रक चालक थे और वे दोनों हैदराबाद से कॉपर वायर भरकर दिल्ली जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

नृसिंह मंदिर पर हुआ भंडारा

## भक्तमाल के रचयिता भक्त माली महाराज को जयंती पर याद किया



**ललितपुर**। श्रीनृसिंह मंदिर में सद्गुरूदेव भक्तमाल, ग्रन्थ के भाष्यकार, त्याग, तपस्या एवं विद्वता की प्रतिमूर्ति गणेश दास भक्त माली की जन्म जयंती के अवसर पर भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें महामंडलेश्वर चंद्रेश्वर गिरिजी महाराज, स्वामी कृष्णगिरि जी महाराज, महंत राम बालक दासजी महाराज, दिगम्बर अखाडा के मंहत रामलखनदासजी महाराज उपस्थित रहे। इस मौके पर महंत गंगादास महाराज ने कहा कि सनातन वैष्णव परम्परा में मां गोदावरी की परिक्रमा की अनंत महिमा बतायी गयी है। मलूक पीठाधीश्वर एवं अग्र पीठाधीश्वर डा. राजेन्द्रदास महाराज के नेतृत्व में विशाल संत समागम के साथ यह परिक्रमा सम्पन्न हुयी। भक्त माली महाराज हम सभी के अभिभावक रहे हैं। उनके बताए हुए मार्ग पर हम सभी गोसेवा, संत सेवा, दरिद्र नारायण सेवा में संलग्न हैं। इस मौके पर सरदार बीके, अजय तिवारी नीलू, राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, रामरतन कुशवाहा, विवेक सड़ैया, संजय ड्योडिया, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीशचंद्र रावत, प्रदीप चौबे, विलास पटैरिया, उदित रावत, शशिराजा बुन्देला मौजूद रहे।

## एक उत्पादन एक जनपद योजना में मांगे आवेदन

**ललितपुर**। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र उपायुक्त उद्योग ने जिले में चयनित एक जनपद एक उत्पाद योजनान्तर्गत रेडीमेड गारमेंट, खाघ प्रसंस्करण उत्पाद हेतु सामान्य सुविधा केन्द्र स्थापित करने के लिए इच्छुक एस.पी.वी. (स्पेशल पर्पज व्हीकल) (एफ.पी.ओ. एवं सैक्शन 8 कम्पनी ) से ई.ओ.आई. (एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट अर्थात अभिरूचि पत्र) आवेदन पत्र आमन्त्रित किया जा रहा है। आवेदक ई.ओ.आई. फार्म भर कर जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र में जमा कर सकते हैं। ई.ओ.आई. (अभिरूचि पत्र) भरकर जमा करने की अन्तिम तिथि 5 जनवरी 2026 तक है। ई.ओ.आई. (अभिरूचि पत्र) विभागीय बेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### फीता काटकर विटामिन-ए सम्पूर्णन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

## नजर कमजोर बच्चों को विटामिन ए आवश्यकः सीएमओ




**ललितपुर**। जिला चिकित्सालय स्थित प्रसवोत्तर केंद्र में रोशनी खान (लाभार्थी की मां) ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद की उपस्थिति में फीता काटकर विटामिन-ए सम्पूर्णन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि 27 दिसंबर से 24 जनवरी तक विटामिन ए सम्पूर्णन कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चो को विटामिन ए की खुराक से आच्छादित किया जायेगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों में विटामिन ए की कमी को दूर करना है, ताकि वे स्वस्थ रहें, उनकी आंखों की रोशनी बनी रहे और शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़े। विटामिन ए की कमी से बच्चों को रतौंधी (रात में ठीक से न दिखना), बार-बार सर्दी-जुकाम या संक्रमण होना जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। इसलिए हर बच्चे को समय पर विटामिन ए की खुराक देना जरूरी है। इस कार्यक्रम के तहत 9 महीने से 5 साल तक के सभी बच्चों को विटामिन ए ड्रॉप दी जाती है। पहली खुराक बच्चे को 9 महीने की उम्र में मीज़ल्स के टीके के साथ दी जाती है। इसके बाद हर 6 महीने में एक-एक खुराक और दी जाती है, जब तक बच्चा 5 साल का नहीं हो जाता। इससे उनकी आंखों की सेहत बनी रहती है और शरीर को संक्रमण से बचाव मिलता है।विटामिन ए शरीर खुद नहीं बना सकता, इसलिए इसे खाने से या ड्रॉप के रूप में देना जरूरी है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ गजेंद्र सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश भारती डीएमसी यूनिसेफ सबा परवीन आदि उपस्थित रहे।

## आज से काम करेगी कलेक्टर द्वारा गठित जिला कॉलोनी सेल

# नागरिकों को सुविधा मुहैया कराएं कॉलोनाइजर, असुविधा में न धकेले:अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अवैध कॉलोनियों पर ताबड़तोड़ बुलडोजर की कार्रवाई के बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कॉलोनाइजरों को साफ निर्देश दे दिए हैं कि उनकी कार्रवाई सिर्फ यहां तक सीमित रहने वाली नहीं है। वो तत्व हमेशा उनके निशाने पर रहेंगे जो लोगों की भावनाएं और सपनों से खिलवाड़ करेंगे। आप लोगों को सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से काम करें। नागरिकों को असुविधा में डालने वालों के खिलाफ कोई नरमी नहीं बढ़ती जाएगी। न ही किसी के साथ भेदभाव किया जाएगा जो लोग अच्छे काम करेंगे उन्हें प्रोत्साहन भी मिलेगा और उन्हें अकारण परेशान भी नहीं होना पड़ेगा।

यह बात रविवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कॉलोनाइजरों को गठित की गई जिला स्तरीय कॉलोनी सेल की गाइड लाइन से जुड़े निर्देश देते हुए कही। ज्ञात हो कि अवैध कॉलोनियों को रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर अर्पित वर्मा ने डिप्टी कलेक्टर संजय जैन की अध्यक्षता में जिला कॉलोनी सेल गठित की है जो सोमवार से काम शुरू करेगी। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा आम नागरिकों को वैद्य कॉलोनियों की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए डिप्टी कलेक्टर संजय जैन की अध्यक्षता में जिला कॉलोनी सेल का गठन किया गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी डूडा विजय शाक्य, उप पंजीयक सौरभ शाक्य सहित श्योपुर, बडौदा, विजयपुर के सीएमओ, श्योपुर, कराहल, विजयपुर के सीईओ तथा श्योपुर, विजयपुर, कराहल, वीरपुर एवं बडौदा के तहसीलदार सदस्य रहेंगे। लिपिकीय कार्य के लिए सहायक ग्रेड-3 निष्ठा गुप्ता को दायित्व दिया गया है। यह सेल जिले में विकसित की जा रही कॉलोनियों की वैद्यता एवं अवैद्यता का परीक्षण करेंगी, अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों के विरूद्ध दस्तावेजी जांच कर विधिक कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी। अवैध कॉलोनियों में काटे गये भू-खण्डो की संख्या, भूमि स्वामी का नाम, कुल रकबा, भूमि किसकी थी, कॉलोनी विकसित करने वाले व्यक्तियों का विवरण संकलित करने का कार्य भी करेगी तथा आम नागरिकों को कॉलोनी की वैद्यता के संबंध में जानकारी प्रदान करेगी।



### जो कॉलोनियां पूर्व में कटी उन्हें वैध करने होगी कार्रवाई

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वह किसी का नुकसान नहीं करना चाहते ना ही कोई कार्रवाई भेदभाव पूर्ण करेंगे उन्होंने कहा जो कालोनियां पूर्व में कट चुकी है उन्हें वैध करने के लिए भी जिला स्तरीय कॉलोनी सेल काम करेगी। गाइडलाइन के तहत पूर्व में काटी गई कॉलोनी में नपा कार्यालय में वो सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ कॉलोनाइजर आवेदन देंगे तो जिला स्तरीय कॉलोनी सेल उस कॉलोनी को अर्थ दंड देकर वैध करने का काम करेंगी। अगर कॉलोनी नगरीय क्षेत्र में काटी गई है तो नगरपालिका कार्यालय में ओर अगर ग्रामीण क्षेत्र में काटी गई है तो जिला पंचायत कार्यालय में निर्धारित गाइड लाइन के अनुसार आश्रय शुल्क जमा कराकर कॉलोनियों को वैध कराया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस काम के लिए किसी दलाल या बिचौलिए के चक्कर में आने की जरूरत नहीं है सीधे जिला स्तरीय कमेटी से संपर्क करें और उसे दस्तावेज उपलब्ध कराने के साथ आश्रय शुल्क जमा कराएं।

### वैध दस्तावेज उपलब्ध कराएं परेशानी से बचे

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा है कि अवैध कॉलोनियों का निर्माण न हो इस दिशा में ठोस कार्यवाही की जाएगी। जो कॉलोनाइजर गाइड लाइन का पालन कर कॉलोनी विकसित कर लोगों को सुविधा मुहैया कराने का काम करेंगे उन्हें प्रोत्साहन भी मिलेगा लेकिन बगैर अनुमति एवं नागरिक सुविधाओं के कॉलोनी काटने वालों को बक्शा नही जायेगा। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनाईजरों के चंगुल में आकर आम नागरिक इन कॉलोनियों में प्लाट खरीद लेते है, इसके बाद उन्हें किसी प्रकार की नागरिक सुविधाएं नही मिल पाती है और वे परेशान होते है। अवैध कॉलोनियों में न तो नामांतरण हो पाते है, और न ही आवास के लिए ऋण मिल पाता है। उन्होंने कहा कि कॉलोनियां वैध रूप से सभी प्रकार की अनुमतियां प्राप्त कर काटी जायें, जिससे कॉलोनियों में बेहतर नागरिक सुविधाएं विकसित हो सकें और इन कॉलोनियों में प्लाट खरीदने वाले लोग पूरी सुविधा के साथ रह सकें।

## कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

# मन की निर्मलता और पवित्रता के बिना परमात्मा से जुड़ना संभव नहीं:सलिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



धर्म और अध्यात्म में प्रवेश की पात्रता तभी संभव है, जब हमारा मन निर्मल होगा। मन की निर्मलता और पवित्रता के बिना परमात्मा से जुड़ना संभव नहीं है। आज हर कोई संपन्न और सुखी तो होना चाहता है, लेकिन यह संपन्नता केवल आराधना, पूजा या प्रार्थना करने से ही नहीं मिलेगी, इसके लिए हमें धर्मग्रंथों का आश्रय और भागवत जैसे कालजयी ग्रंथों की शरण में आना होगा। यह बात वृंदावन धाम के प्रसिद्ध कथा व्यास डॉ. संजय कृष्ण सलिल ने रविवार को शहर के विजय विलास रिसोर्ट में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ करते हुए किया।इसके पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

रविवार की सुबह कलश यात्रा शहर के टोडी गणेश बाजार से विधिवत पूआ अर्चना के साथ आरंभ हुई। कलश यात्रा में बडी संख्या में महिला और बालिकाएं सिर पर कलश लेकर शामिल हुई। कलश यात्रा में बडी संख्या में गणमान्य नागरिकों के साथ धर्मप्रेमी लोग भी शामिल हुए। गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए विजय विलास रिसोर्ट में पहुंची। जहां विधिवत देव पूजन उपरांत श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का मंगलाचरण आरंभ हुआ। कथा व्यास डॉ. संजय कृष्ण सलिल ने कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने का सौभाग्य अनेक पुण्यों के उदय से प्राप्त होता है। आज हमारे परिवारों ने प्रेम, सद्भाव और आपसी विश्वास में लगातार कमी आ रही है। हमारी नई पीढ़ी धर्म और संस्कृति के साथ धर्मग्रंथों से भी दूर होती जा रही है। घर-परिवार में बिखराव हो रहे हैं। इन हालातों में धर्मग्रंथ ही हमारे परिवारों को जोड़कर घर-परिवारों में आनंद की पुनर्स्थापना कर सकते हैं। यदि वास्तव में हमें समृद्ध समाज और शक्तिशाली राष्ट्र का निर्माण करना है तो धर्म और अध्यात्म के रास्ते पर चलकर ही आगे बढ़ा जा सकता है। कथा के मुख्य यजमान अमरनाथ रूपवती गोयल ने बताया कि कथा का समापन 04 जनवरी को हवन पूर्णाहुति एवं प्रसादी के साथ किया जायेगा।

## प्रतिमा तोड़े जाने से व्यथित गांधीवादी विचारधारा से जुड़े लोगों ने सौंपा ज्ञापन

# विकृत और संकीर्ण मानसिकता वाले हो चिन्हित,मिले कड़ी सजा: अतुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को तोड़ने वाले लोग स्वस्थ मानसिकता के कभी नहीं हो सकते ऐसी विकृत ओर संकीर्ण मानसिकता रखने वालों को चिन्हित कर कडी सजा दिलाने का काम किया जाए साथ ही ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके प्रयास गंभीरता से किए जाएं। यह बात कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अतुल चौहान ने रविवार को डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को सोईकलां के गांधी पार्क में स्थापित गांधी की प्रतिमा को तोड़े जाने के खिलाफ ज्ञापन सौंपते हुए कही।

रविवार को कोतवाली थाने पहुंचकर गांधी विचार मंच, संयुक्त किसान मोर्चा, महात्मा गाँधी सेवा आश्रम,भारतीय किसान यूनियन, सेवा दल कांग्रेस, गायत्री परिवार एवं नागरिकों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम सोंईकलां में गांधी पार्क में लगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जिसके विरुद्ध नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है। ऐसे में इस ज्ञापन के माध्यम से निवेदन है कि ऐसे असामाजिक तत्वों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाये तथा रासुका लगाते हुए उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाये। अन्यथा मजबूर होकर आन्दोलन करना पड़ेगा। ज्ञापन में सोंईकलां के गांधीपार्क में महात्मा गांधी जी की नवीन प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग की है। इस दौरान समाजसेवी कैलाश पाराशर, जयसिंह जादोन, अनिल जाट, सोईकलां सरपंच हरि सिंह मीणा सहित बड़ी संख्या समाजसेवी उपस्थित रहे।

# मप्र की सरकार ने आमआदमी का जीवन बना दिया कठिन: तोमर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई और शिक्षा-स्वास्थ्य की बदहाल स्थिति ने आम आदमी का जीवन कठिन बना दिया है। ऐसे में आम आदमी पार्टी ईमानदार राजनीति और जनहितकारी नीतियों के साथ प्रदेश में एक मजबूत विकल्प के रूप में आगे बढ़ रही है।

यह आप के प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व दिल्ली सरकार के कानून मंत्री जितेन्द्र सिंह तोमर ने रविवार को श्योपुर के मेला मैदान में मप्र जोडो अभियान के तहत आप द्वारा आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर मप्र के सह-प्रभारी विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि "मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान" का उद्देश्य प्रदेश की जनता को एकजुट कर उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करना है और अब प्रदेश की जनता बदलाव के लिए तैयार है।

पूर्व महिला प्रदेश अध्यक्ष मनीक्षा तोमर ने महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखते हुए कहा कि महिलाओं की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आम आदमी पार्टी महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और समान अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। सभा को अन्य नेताओ ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी श्योपुर के पूर्व प्रदेश संयुक्त सचिव एडवोकेट कुलदीप सिंह तोमर ,विजय राज सिंह परमार , जिला पदाधिकारी अनिल मीणा, लाल सिकरवार, शिशुपाल मीणा, सुमित जाट, पवन अग्रवाल, रामदेव जी, एडवोकेट इरफान साहब, मुकेश नामा, अभिषेक मीणा कलोनी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आज 42631 मतदाता वोट डालकर करेंगे 1 जिपं सदस्य और 2 सरपंचों का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के 72 मतदान केन्द्रों पर सोमवार को कडी सुरक्षा के बीच मतदान सम्पन्न कराया जाएगा। इस दौरान जिले की 20 ग्राम पंचायतों के 42 हजार 631 मतदाता वोट डालकर एक जिला पंचायत सदस्य और दो सरपंचों का चुनाव करेगे। सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान सामग्री के साथ मतदान दल पहुंच गए है। जहां 29 दिसंबर को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान ईव्हीएम मशीन से डाले जाएंगे। वोटिंग के दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा और पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता सुरक्षा इंतजाम रहेगे। यह उप चुनाव जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 01 में जिला पंचायत सदस्य के लिए हो रहा है। जहां जिला पंचायत सदस्य बनने के लिए 16 उम्मीदवार चुनावी में डटे हुए है। वहीं जिले की दो ग्राम पंचायतो नागदा और बैचाई में सरपंच पद के लिए चुनाव होने जा रहा है।

## आदिवासी बस्तियों में किया वस्त्र वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आदिवासी बस्ती टोंगरा और राजपुरा में योग समिति और समाज सेवी लोगों ने पहुंचकर छोटे बच्चों, वृद्धों एवं युवाओं को सर्दी से बचाव के लिए गर्म वस्त्रों का वितरण किया। इसके साथही बच्चों को चॉकलेट वांटी गई। जिन्हें पाकर बच्चों के चेहरे खिल गए। वस्त्र वितरण के दौरान योग गुरु मुकेश पाराशर,नरेंद्र सिंह चौधरी, राकेश बंसल, मोनू अग्रवाल, केशव गोयल, यश्वी अंजलि गौर, हेमलता गोयल, शिवमगोयल, मुकेश सुमन, रामस्वरूप रावत, विवेक गोयल, गायत्री मित्तल, जयप्रकाश गोयल, बनवारी शिवहरे, दीनदयाल गौर, राधे श्याम गौरव गोयल मनोज गुप्ता गिर्राज गर्ग आदि उपस्थित थे

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दुकानदार को मारी टक्कर

श्योपुर। ढेंगदा के बायपास चौराहे पर रविवार शाम एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार की टक्कर से चाय-नाश्ता की गुमटी संचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल दुकानदार को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। ब्लाक कॉलोनी श्योपुर निवासी कल्ला जंगम ने इस घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराते हुए बताया कि उसका छोटा भाई वीरेंद्र जंगम ढेगदा चौराहे पर चाय-नाश्ता की दुकान लगाकर रोजी-रोटी कमाता है। रविवार को जब वीरेंद्र अपनी दुकान के पास पटिया पर बैठा हुआ था। तभी रायपुरी की ओर से आ रही स्कॉर्पियो कार ने वीरेंद्र जंगम को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वीरेंद्र के दाहिने पैर में गंभीर चोट आई और वह मौके पर गिर पड़ा। इस मामले में पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## वंदे मातरम गायन के साथ शुरू हुआ कांग्रेस का स्थापना दिवस कार्यक्रम

# आजादी से लेकर राष्ट्र निर्माण तक बलिदानी रहा कांग्रेस का इतिहास:जंडेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई से लेकर आधुनिक भारत के नवनिर्माण तक, कांग्रेस का इतिहास त्याग, बलिदान और सेवा की एक गौरवशाली गाथा रहा है। राष्ट्रवाद और कांग्रेस एक दूसरे के पूरक हैं। यह बात अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के 140वें स्थापना दिवस पर विधायक बाबू जंडेल ने संबोधन देते हुए कही।

रविवार को शहर के अम्बेडकर पार्क में आयोजित किए गए कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के साथ हुई एवं वरिष्ठ कांग्रेस जनों को माला शॉल श्रीफल देकर सम्मान कर सम्मान किया गया।इस दौरान विधायक बाबू जंडेल ने कहा कि कांग्रेस ने सदैव हर वर्ग के कल्याण और समावेशी विकास को प्राथमिकता दी है। आज राष्ट्र के समक्ष खड़ी चुनौतियों का सामना करने की शक्ति केवल कांग्रेस की विचारधारा में है। संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आज देश को कांग्रेस की ओर हसरत भरी नजरों से देख रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।





### कांग्रेस सेवादल ने मनाया स्थापना दिवस, वरिष्ठों का किया सम्मान

श्योपुर। जिला कांग्रेस सेवादल ने रविवार को अपना 102 वां स्थापना दिवस श्रीरामधर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित करते हुए मनाया। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष डॉ कमल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत वयोवृद्ध कांग्रेसी नेता भीमसेन शर्मा के द्वारा राष्ट्रीय ध्वजवंदन किए जाने के साथ हुई। इस दौरान वन्देमातरम का गायन और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी भी दी गई। इसके बाद वरिष्ठ कांग्रेस जनों का श्रीफल,शॉल भेंट करते हुए सम्मानित किया। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अतुल चौहान, वरिष्ठ कांग्रेसी योगेश जाट एडवोकेट, ओपी खन्ना, शौकत उल्लाह खान, शकील कुरैशी, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव रामावतार शर्मा, प्रहलाद सेन, बाबू भाई पटेल,संजीव कुशवाह, ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर बडी संख्या में कांग्रेस सेवादल से जुडे लोग उपस्थित थे।

## हनुमान बस्ती के विकास नगर में आयोजित हुआ हिंदू सम्मेलन

# सत्य को शक्तिशाली बनाना है तो हिंदुओं को सक्रिय होना पड़ेगा: दीक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शहर समेत जिलेभर में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है,इसी क्रम में रविवार को विकासनगर स्थित सावंरिया सेठ मंदिर ग्रांगण में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें शहर की हनुमान बस्ती में रहने वाले नागरिक बडी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्जवलन के साथ हुई।

मंच पर उपस्थित अतिथियों का शॉल-श्रीफल व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में रूप में महामंडलेश्वर कृष्ण बिहारी दास महाराज, महामंडलेश्वर संत रामदास महाराज, महामंडलेश्वर संत रामलखन दास महा त्यागी,गोपाल दास महाराज, तारा दीदी ब्रह्मकुमारी आश्रम, नितेश महाराज (वृंदावन वाले ), ढेंगदा सरपंच राबुडी आदिवासी, नपाध्यक्ष रैणू गर्ग, सुरेशचंद जैन, सतीश सिंहल, महावीर मीणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर कृष्ण बिहारी दास महाराज ने कहा कि हिन्दू समाज में कोई जात-पात नहीं है। जाति भेद से उपर उठकर हिन्दू समाज को एकत्रित होने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान सरस्वती शिशु मंदिर का बालिका जिया नागर ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रेरणात्मक प्रस्तुति दी। वहीं विनायक पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा पर्यावरण बचाओ पर नाट्य मंचन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान गोपाल दास महाराज (नोनार सरकार धाम) के द्वारा भजन प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में तारा दीदी (ब्रह्मकुमारी आश्रम) ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संघ के सह प्रांत कार्यवाह विजय दीक्षित ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि यह संघ का सम्मेलन नहीं, पूरे समाज का सम्मेलन है। पूरे देश और दुनिया के अंदर हिन्दू समाज जगे, उनकी सक्रियता बढ़ाने के लिये हिन्दू सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं। दो हजार वर्षो तक दुनिया के जितने भी विचारक, मंथन करने वाले लोग अपने सुख के लिये प्रयोग करते रहे, वे सारे प्रयोग असफल हो गये। मानव सुखी कैसे हो, इसके लिये दुनिया के लोग अब भारत की ओर देख रहे हैं। मानव को यदि कहीं सुख मिल सकता है, तो वह हिन्दू समाज दे सकता है, हिन्दूत्व का विचार दे सकता है। सत्य को शक्तिशाली बनाना है तो हिन्दूओं को सक्रिय होना पड़ेगा, अपना मन बढा करके निकलना पडेग़ा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि बली कभी हाथी, घोड़े की नहीं दी जाती, बकरे की दी जाती है, इसलिये हिन्दूओं को शक्तिशाली बनाना होगा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुशील कुमार दुबे तथा आभार प्रदर्शन सत्यनारायण गोयल ने प्रस्तुत किया।




### हिंदू संगठित होगा, तभी भारत बनेगा समर्थ: मिश्रा

श्योपुर।शहर की बाल्मिक बस्ती का हिंदू सम्मेलन रविवार को किला रोड स्थित भगवान परशुराम मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई। छारबाग से निकाली गई कलश यात्रा गाजेबाजे के साथ प्रमुख मार्गो से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित आरएसएस के जिला प्रचारक अभिजीत मिश्रा ने सम्मेलन में उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू संगठित होगा,तभी भारत समर्थ बन पाएगा। इसलिए आज आवश्यकता है कि हिंदू समाज को अपनी जात पात ऊंच नीच भुलाकर सक्रिय और संगठित बनने की। उन्होने संघ के पंच परिवर्तन का उल्लेख करते हुए उपस्थित लोगो से उन्हें अपनी जीवन का हिस्सा बनाने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में संत श्री परमदास जी त्यागी, सुधा तोमर, कृष्णपाल जादौन, आचार्य वाल्मिकी, राजेन्द्र भटजी वाले, किशन बालोटिया, गुलाब राजोरिया, रामसिंह प्रजापति, बाबूलाल पांचाल, कांति बाई माहौर, प्रभा गौतम मंच पर मौजूद थी।

### नौनपुरा घाटी में सीमेंट से भरा ट्रॉला पलटा,ढाई घंटे जाम रहा रास्ता



श्योपुर। कराहल थाना क्षेत्र स्थित नौनपुरा घाटी पर रविवार को दोपहर तीन बजे के करीब शिवपुरी की तरफ से आने वाला सीमेंट से भरा एक ट्रोला पलट गया। जिससे श्योपुर को शिवपुरी और ग्वालियर से जोडने वाला यह मार्ग बाधित हो गया। नौनपुरा घाटी में इस ट्रोला के पलटने के बाद यहां एक बाइक निकलने की भी जगह नहीं बची थी,जिसकारण यह हाइवे पूरी तरह बाधित हो गया और घाटी के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब ढाई घंटे तक बाधित रहा यह हाइवे शाम साढे 5 बजे के आसपास तब खुला,जब पुलिस प्रशासन के द्वारा जेसीबी बुलाकर ट्रोला को सडक से हटाकर एक तरफ करवाया गया।

## खबर संक्षेप

### जमीन के बंटवारे को लेकर मारपीट की

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईदगाह मोहल्ला निवासी रामसिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी करण कुशवाह, अशोक, अजय और अनीता बाई कुशवाह ने जमीन के बटवारे को लेकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर से पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया

**अशोकनगर।** जिले के महिला थाने के अंतर्गत लंबरदार मोहल्ला निवासी अनीता धुर्रेंटे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से नीतेश,गेंदाबाई और मोतीलाल धुर्रेंटे ने दहेज की मांग को लेकर उसे शाररिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया।

### डीजे पर अश्लील गाना व नृत्य कराने पर केस दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम अमनचार निवासी विक्रम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि करीला माता मंदिर के सामने अज्ञात आरोपी के द्वारा डीजे पर अश्लील गाना बजाकर व नृतिकाओं का नृत्य कराकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है जिस पर से मामला दर्ज किया गया है।

### पिपरई तहसीलदार अनीश धाकड़ को पितृ शोक



**पिपरई।** तहसीलदार अनीश धाकड़ के पिता महेश चन्द्र धाकड़ का निधन हो गया है तहसीलदार के पितृ शोक होने के बाद अनेक लोगों ने उनके निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं और श्रंद्धाजलि दी गई है।

### सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन

**अशोकनगर।** शनिवार को सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें वर्ष 2026 की अध्यक्षा अंजना दुबे उपाध्यक्ष रानी राजोरिया से उपाध्यक्ष रुचि शर्मा सचिव वंदना पाराशर कोषाध्यक्ष रीना बुधौलिया, पीआरओ मोनिका उपाध्याय, रीता बिरथरे मीडिया मोनिका पाठक को बनाया गया है। समाज के उत्थान के लिए अपने सेवा कार्य कार्यों जैसे निर्धनों को भोजन आदि सेवा करती है।

### विधायक और पुलिस की तत्परता से 35 मजदूर सुरक्षित लौटे

# महाराष्ट्र में बंधक मजदूरों की सकुशल संभव हुई घर वापसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

महाराष्ट्र में ठेकेदार द्वारा बंधक बनाए गए अशोकनगर जिले के मजदूरों की सकुशल घर वापसी हो गई है। यह सफलता स्थानीय जनप्रतिनिधियों की पहल विधायक बृजेंद्र सिंह यादव के हस्तक्षेप और पुलिस प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से संभव हो पाई।

स्थानीय सरपंच द्वारा मजदूरों के बंधक होने की जानकारी पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेंद्र सिंह यादव को दी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक ने पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा से चर्चा की। इसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर मजदूरों को तत्काल मुक्त कराने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुंगावली उप निरीक्षक अरविन्द सिंह एवं थाना प्रभारी बहादुरपुर उप निरीक्षक नीलम यादव द्वारा मजदूरों से संपर्क स्थापित किया गया। मजदूरों ने बताया कि वे लगभग एक से डेढ़ माह पूर्व रोजगार के लिए महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के शेलगांव गए थे जहां उनसे सुबह से देर रात तक काम कराया जा रहा था तथा उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान किया जा रहा था। प्रतिकूल परिस्थितियों के चलते वे घर लौटने में असमर्थ थे। पुलिस एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सोलापुर जिले के अधिकारियों से समन्वय कर विशेष प्रयास किए गए जिसके फलस्वरूप शनिवार को शेलगांव क्षेत्र में कार्यरत लगभग 35 महिला, पुरुष मजदूर एवं बच्चे सकुशल अपने घर लौट आए।

#### घर लौटने वाले मजदूरों के नाम

शिशुपाल, नंदराम, दोला, रमेश, अनीता बाई, मल्ला, शीलवती, अनीता, राजकुमार, गनेश, गोविन्द, चंदन, मीलसिंह, माखन, राजबाई, हजरत, रानीबाई, फूलबाई, प्रदीप, कमलसिंह, कल्लू, पानबाई, अरविन्द सिंह, मानक, राजकुमारी, निखिल, महाराज, मोहरबाई, शिवराज, गंगाराम, शैलेन्द्र, धनीराम, सोनम, मुकेश कृ सभी निवासी ग्राम जारोली बुजुर्ग, थाना बहादुरपुर, जिला अशोकनगर इसके अतिरिक्त राजकुमार निवासी ग्राम आक्सी चक्क, थाना बहादुरपुर भी सकुशल वापस लौटे हैं।

#### पुलिस अधीक्षक ने कहा

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सूचना प्राप्त होते ही मजदूरों की सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। पुलिस टीम द्वारा त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई करते हुए सभी मजदूरों को सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुंचाया गया है अशोकनगर पुलिस सदैव जनहित एवं मानवता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है।

# विकासखंड के सभी जनशिक्षा केंद्रों पर हुआ शैक्षिक संवाद का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



विकासखंड करैरा के सभी शिक्षा केंद्रों पर शैक्षिक संवाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षको को उनके सतत व्यावसायिक उन्नयन हेतु विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से शिक्षकों को विभिन्न अकादमिक गतिविधियों मे भाग लेने हेतु प्रेरित किया जाना था जिसके अंतर्गत विकासखण्ड करेरा सभी नौ जन शिक्षा केंद्रों पर शनिवार को कक्षा 3 से 5 और कक्षा 6 से 8 को पढ़ाने वाले शिक्षकों का शैक्षिक संवाद हुआ।

इसकी मॉनिटरिंग जिला और विकासखण्ड स्तर से होनी थी जिसके क्रम मे करैरा बीएसी अनिल चौरसिया जन शिक्षा केंद्र सिरसौद मे शैक्षिक संवाद मे कहा कि कि सभी विद्यालयों मे बच्चो को लेखन और श्रुतिलेखन अवश्य करवाए प्रभावी लेखन का अलग ही प्रभाव पड़ता है। जनवरी माह तक सभी कक्षाओं के सिलेबस को पूर्ण कराएं और फरवरी मे पुनरावलोकन करवाए। शैक्षिक संवाद के बाद वहां जिन शिक्षकों को दीक्षा एप्प पर कोर्स करने पर समस्या आ रही थी उन्हें एम आई एस नितिन गुप्ता ने दूर किया। अंत में प्राचार्य अजय चौधरी, सीएसी रामकुमार चाव्हरिया, आशा राजौरे, सहजकर्ता उमेश वर्मा, विनीत लहरी उपस्थित थे और अंत में समस्त प्रतिभागियों ने फीडबैक फॉर्म भरा गया।

## आज़ाद खान की क्रेडिट सोसाइटी पर मंत्री सारंग का एक्शन

### तत्काल वित्तीय ट्रांजैक्शन बंद करने के दिए निर्देश

**अशोकनगर।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अशोकनगर में सट्टा संचालन एवं अवैध आर्थिक गतिविधियों के आरोपी आजाद खान से जुड़ी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी पर सख्त एक्शन लिया है। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए मंत्री विश्वास सारंग ने आजाद खान की केजीएन साख सहकारी संस्था मर्यादित, वार्ड क्रमांक 10, अशोकनगर की सभी वित्तीय ट्रांजेक्शन पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि मामले की गहन और निष्पक्ष जांच कर 07 दिवस के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जांच में यदि किसी भी स्तर पर दोष सिद्ध होता है, तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। तब तक आजाद खान की ज्ञळछ साख सहकारी संस्था मर्यादित के सभी तरह के वित्तीय लेनदेन पर रोक रहेगी। जानकारी के अनुसार आजाद खान के विरुद्ध सट्टा संचालन सहित अन्य आपराधिक मामलों में पहले से कार्रवाई चल रही है तथा वह वर्तमान में जेल में बंद है। अवैध आर्थिक गतिविधियों के संदेह के चलते संबंधित क्रेडिट सोसायटी की भूमिका भी जांच के दायरे में लाई गई है।

### परिसर में मंडी प्रशासन की ओर से एक मात्र कर्मचारी, राष्ट्रीयकृत बैंक न होने से भुगतान में भी देरी

# आवक से गुलजार कृषि मंडी, अव्यवस्थाओं से परेशान हो रहे किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर में करीबन पांच वर्ष पूर्व अस्तित्व में आई कस्बे की कृषि उप मंडी इन दिनों आवक से गुलजार है। लेकिन मण्डी में अव्यवस्थाओं से किसान परेशान हो रहे हैं मण्डी परिसर में केवल धूल ही धूल है, न पीने के लिए पानी, न बैठने के लिए छांव, और तौल के लिए एक किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। वहीं मंडी में प्रशासन की ओर से एक मात्र कर्मचारी है, साथ में राष्ट्रीय कृत बैंक न होने से भुगतान में भी देरी हो रही है।

बीते दो ढाई महीने से उप मंडी में औसतन प्रतिदिन पांच हजार बोरी उपज की आवक हो रही है जो कि मुंगावली मंडी से भी अधिक है किंतु यहां की सुविधाओं पर अव्यवस्थाएं हावी हैं। यहां आने वाले किसानों को इन अव्यवस्थाओं से हर दिन दो चार होना पड़ रहा है। बताया गया है कि परिसर में सबसे बड़ी समस्या धूल की है। जब परिसर की सीसी कराई गई थी, तब ही स्थानीय लोगों ने इसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए थे। दो बार इस निर्माण की जांच भी हुई लेकिन सब कुछ रफ़ा दफा कर दिया गया। अब वाहनों की आवाजाही से सीसी पूरी तरह से उखड़ गई है और परिसर में धूल ही धूल पसरी रहती है। वाहनों के आने जाने से धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। दूसरी प्रमुख समस्या पेयजल की है। यहां की प्याऊ तक पाइप पहुंचाने वाले पाइप जगह जगह से टूट गए हैं। अब प्याऊ पूरी तरह से बंद हैं। पेयजल व्यवस्था के लिए मंडी कर्मचारियों ने कुछ कैन रख दी हैं और एक टंकी रखी हुई है। मंडी व्यापारियों को फड़ आवंटित नहीं होने से उन्होंने कृषक विश्राम गृह से लेकर छतरियों तक कब्जा कर रखा है। जिससे किसान आराम करने के लिए भी परेशान रहते हैं। किसानों का कहना है कि मंडी में तौल कांटा नहीं होने से एक से दो किलोमीटर दूर धर्मकांटा कराने जाना पड़ता है। इसी तरह कस्बे में कोई राष्ट्रीय कृत बैंक शाखा नहीं होने से किसानों को भुगतान में देरी होती है। दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले किसानों को कई बार भुगतान मिलने में रात हो जाती है।

#### एकमात्र नाकेदार की तैनाती

उप मंडी में व्यवस्थाओं के लिए मंडी प्रशासन द्वारा केवल एक नाकेदार की तैनाती कर रखी है। इसके अलावा एक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी और दो गार्ड हैं। जिसके कारण डाक बोली में देरी और उपज की सुरक्षा की स्थिति ठीक नहीं है। हालांकि नाकेदार द्वारा व्यवस्थाएं बनाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है लेकिन मुंगावली मंडी समिति द्वारा अतिरिक्त कर्मचारी नहीं भेजे जा रहे हैं।

#### हम्मालों और तुलावटों के भी पंजीयन नहीं

उप मंडी में बीते पांच वर्ष से लगातार आवक बढ़ रही है। वर्तमान में यहां करीब तीन सौ हम्माल और तुलावटी कार्यरत हैं। जिनका अब तक कोई पंजीयन नहीं हुआ है। जिससे श्रमिक कानून का खुला उल्लंघन हो रहा है। व्यापारियों का कहना है कि वह बीते कई वर्षों से इनके पंजीयन की मांग कर रहे हैं।

# कांग्रेस ने जन आक्रोश रैली में मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया, ज्ञापन सौंपा



**अशोकनगर।** अशोकनगर में अनुसूचित जाति कांग्रेस कमेटी द्वारा जिले के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के नागरिकों से संबंधित मांगों को लेकर आक्रोश रैली निकाई गई, यह रैली अस्पताल चैराहे से प्रारंभ होकर तहसील कार्यालय से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची जहां अनुसूचित जाति कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश इटोरिया के साथ, आयोग के पूर्व सदस्य प्रदीप अहिरवार, विधायक हरिबाबू राय, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

#### ज्ञापन में मांगों के बिन्दु

-शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ का नामकरण संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के नाम पर किए जाने का प्रस्ताव पारित हो चुका है। राज्य शासन से अनुरोध है कि उक्त नामकरण को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए।

- शहीद सब-इंस्पेक्टर राजकुमार जाटव की प्रतिमा अशोकनगर निवासी वीर सपूत, सब-इंस्पेक्टर शहीद राजकुमार जाटव के सम्मान में उनकी प्रतिमा स्थापित किए जाने की कृपा की जाए।

-जिले में निर्मित अंबेडकर भवनों को अनुसूचित जाति/जनजाति समाज के लोगों के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराया जाए।

-आदिम जाति कल्याण विभाग अशोकनगर द्वारा निर्धारित केंद्र एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित योजनाओं का वास्तविक लाभ गरीब एवं वाचत वर्ग के लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

-डी.पी. अनुदान की स्वीकृति विगत तीन वर्षों से लंबित पडी है, जिसे शीघ्र स्वीकृत किया जाए।

-अनुसूचित जाति जनजाति की जिला संयोजिका द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही की रही है विगत दो वर्षों में इनके कार्यों की विस्तृत जाँच की जावे एवं इनकी नियुक्ति संबंधि प्रमाण पत्रों की जाँच कराई जावे।

-अनुसूचित जाति/जनजाति के गरीब एवं वंचित लोगों को जिन भूमियों के पट्टे स्वीकृत हो चुके हैं उनका आज दिनांक तक अमल नहीं किया गया है। तत्काल कार्यवाही की जाए।

-कानूनी कार्यवाही में अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के प्रति भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जाता है इसे समाप्त करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र एवं निष्पक्ष निराकरण किया जाए।

-पुलिस थानों में अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों को एफ.आई.आर. दर्ज कराने में अत्याधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**रक्तदान सबसे बड़ा दान है इसे महादान कहा**

# साहिबजादों की शहादत को लेकर सिख समाज ने 121 यूनिट रक्तदान किया

**अशोकनगर।** साहबजादों की शहादत वीरता और प्रेरणादायिक इतिहास से प्रेरित होकर सिख समाज द्वारा शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिला और पुरुषों ने भाग लिया और स्वेच्छा 121 यूनिट रक्तदान किया।

यह रक्तदान करने के लिए लोगों में उत्साह देखा गया जिसमें एक ही परिवार के अनेक एक लोगों ने रक्तदान किया। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मलकीत सिंह ने बताया कि वह 112 बार रक्तदान कर चुके हैं। कुकरेटा, महोली और पवारगढ़ परिवार की ओर से 13 सदस्यों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान के लिए जिला





अस्पताल अशोकनगर की ओर से भी विशेष इंतजाम किए गए थे रक्तदान सबसे बड़ा दान है इसे महादान कहा गया है यह रक्त किसी की भी जान बचा सकता है किसी को भी नया जीवन दे सकता है। इसी भावना को ध्यान में रखकर इस रक्तदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया

## पिपरई रोजगार शिविर में भर्ती अभियान



**पिपरई।** पिपरई क्षेत्र में रोजगार शिविर में एक विशेष अभियान का आयोजन हुआ, इस अभियान मे पिपरई के अलाबा बिभिन्न गाँव के अभ्यर्थी शामिल हुए। इस शिविर में सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपर बाइज़र, के पदों की भर्ती की जाएगी। भर्ती ऑफिसर हरेंद्र अहिरवार ने बताया कि यहां पर सुरक्षा भर्ती के लिए 70 अभ्यार्थी आये जिसमे हमने सुरक्षा जवान में 25 लड़कों का सिलेक्शन किया एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए 05 लड़कों का सेलेक्शन किया गया वीडियो ऑफिसर के लिए 02 लड़के सिलेक्शन किया गया.यह रोजगार का बढ़िया अबसर है जिसमे यह भर्ती प्रिकिया जिले के 28 दिसम्बर को बहादुरपुर, 29 दिसम्बर को अशोकनगर मे होगी जिसमे अभ्यर्थी रोजगार प्राप्त कर सकते है।

# लगान क्रिकेट क्लब मैत्री कप सीजन 5 हुआ शुरू, कई टीमें ले रही हैं भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शनिवार को लगान क्रिकेट क्लब अशोकनगर के द्वारा मैत्री कप सीजन 5 का भव्य शुभारंभ हो चुका है। सीजन 5 का शुभारंभ एसडीएम सुब्रता त्रिपाठी और तहसीलदार अशोकनगर भारतेंदु यादव द्वारा किया गया। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज ग्राउंड पर खेले जा रहे जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के सद्भावना मैच में तीन मुकाबले खेले गए।

पहला मैच राजस्व 11 और पत्रकार 11 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पत्रकार 11 ने निर्धारित 10 ओवर में शानदार प्रदर्शन करते हुए खड़ा 53 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्व लेने लक्ष्य का पीछा करते हुए 4.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया जिसमें मैन ऑफ द मैच गौरव त्यागी रहे जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। दिन के दूसरे मैच में पुलिस विभाग 11 और नगर पालिका 11 के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए पुलिस विभाग ने निर्धारित 10 ओवर में 91 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए नगर पालिका 11 ने निर्धारित 10 ओवर में 68 रन बनाए इस मैच के मैन ऑफ द मैच आईपीएस परमार रहे जिन्होंने पुलिस 11 की जीत में महत्वपूर्ण 42 रन बनाएं। दिन के तीसरे और फाइनल मैच में राजस्व विभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 102 रन बनाए जिसमें गौरव त्यागी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 21 बालों पर 50 रन बनाए पुलिस 11 का पीछा करते हुए मात्र 14 रन से मैच हार गई इस मैच के मैन ऑफ द मैच गौरव त्यागी रहे। आज के कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका में रहे आयोजन कमेटी के सदस्य अनिल धकाते सर, संजू दैलवार, जगभान यादव, राजेश सोनी, पुष्पेंद्र अहिरवार, गौरव त्यागी, विनोद बेरसिया, राजदीप सिंह, जेपी पाजी, पुलिस विभाग से रावतसर, पटवारी संघ के अध्यक्ष निर्मल सिंह रघुवंशी, जसप्रीत जस्सी,विवेक खरे, आदि मौजूद रहे एवं लगान कमेटी सभी दर्शकों का एवं खेल प्रेमियों का हार्दिक बंधन अभिनंदन करती है। आज से लीग मैच स्टार्ट होंगे जिसमें पहला मैच ग्रुप बी का राक्षा मोबाइल एस राधाकृष्णन स्कूल और बालाजी 11 के बीच सुबह 10:00 बजे खेला जाएगा। दिन का दूसरा मैच ग्रुप ए से बीबीसी चंदेरी और पंजाब मशीनरी स्टोर के बीच खेला जाएगा। इसी क्रम में दिन का अंतिम और तीसरा मैच ग्रुप बी का किंग्स ऑफ़ आवरी सरपंच 11 और रक्षा मोबाइल एस राधाकृष्णन स्कूल के बीच खेला जाएगा।


### निर्भय सागर महाराज ने अपने आशीष वचनों में दी नसीहत

# हिंदू समाज कई भागों बंटा है, आज लोकतंत्र में राजनीति आ गई, जिससे राजनेता एक दूसरे की खींचते रहते हैं टांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजपुर

शनिवार को आचार्यश्री निर्भय सागर का राजपुर नगर में मंगल प्रवेश हुआ। जहां सभी नगर वासियों ने पूरे नगर में रंगोली बनाकर, गाजे बाजे के साथ, जगह जगह आचार्यश्री का पाद प्रक्षालन किया। रामलीला मैदान में ग्राम के सरपंच, पुलिस विभाग के पदाधिकारियों ने एवं नगर के सभी श्रृद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। उन्होंने एवं आसपास के नगरों से पधारकर से सभी ने श्रीफल चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

आचार्यश्री ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा हिन्दू अल्पसंख्यक हैं क्योंकि हिन्दू समाज कई भागों में बंटी है। आज लोक तंत्र में राजनीति आ गई है जिसके कारण आज राज नेता एक -दूसरे की टांग खींचते हैं। यदि लोकतंत्र में लोकनीति रहे तो अच्छा रहेगा। आचार्य श्री ने कहा 100 साल में हिन्दू समाज नष्ट हो जायेगा क्योंकि पति-पत्नी दोनों मिलकर एक बच्चे को जन्म देते हैं ऐसी स्थिति में 25 साल बाद 80



करोड़ से 40 करोड़ रह जाएगी। फिर 40 करोड़ लड़के लड़की पेअर बनाकर एक बच्चा पैदा करेंगे तो 50 साल बाद 20 करोड़ हिंदू हो जायेंगे 75 साल में 10 करोड़ और 100 साल में 5 करोड हिंदू रहे जाएंगे क्योंकि जब दो मारेंगे और एक बच्चे को जन्म देंगे। हर 100 बच्चों में चार बच्चे विकलांग रोगी होकर मर जाते हैं और 100 जोड़े में दो जोड़े ऐसे होते हैं जो निसंतान होती हैं ऐसी स्थिति में 5 करोड़ भी हिन्दू की जनता समाप्त हो



जाएगी। अतः फिर हिंदू राष्ट्र बनाने की बात कहां रहेगी। यह सोचनी विचारणीय बात है।

आचार्य श्री ने कहा 80 प्रतिशत हिंदू 20 प्रतिशत बच्चों को जन्म दे रहे हैं और 20 प्रतिशत मुसलमान 80 प्रतिशत बच्चों को जन्म दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में 50 साल बाद यह भारत देश हिंदू राष्ट्र न रहकर इस्लामिक स्टेट बन जाएगा। आज के हिंदू नव युवक युवतियां मद्यपान एवं नशीले पदार्थों में डुबकी लगा रहे हैं इसलिए वह अपना और देश का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। युवाओं को चाहिए कि वह ऐसे व्यसनों से दूर रहे। आज की जिंदगी बोतल से प्रारंभ हो रही है और बोतल पर ही समाप्त होती है क्योंकि बच्चे जन्म लेते ही दूध की बोतल पीते हैं, उसके बाद लिम्का कोको कोला की बोतल फिर शराब की बोतल उसके बाद बीमार पड़ने पर ग्लूकोज और खून की बोतल चढ़ती है ओर आखिर में मर जाते है और मरघट में मिट्टी के तेल की बोतल डालकर आग लगा देते हैं बोतल देश को बर्बाद कर रही है इस पर प्रतिबंध लगना चाहिए।